भारतरत्न



एक पीपल के पत्ते पर सूर्य की प्लैटिनम छवि के संग देवनागरी लिपि में खुदा हुआ

"भारत रत्न"

1954



Chakravarti Rajagopalachari
(10 December 1878 – 25 December 1972)

- सी.राजगोपालाचारी इनका जन्म दक्षिण भारत के सलेम जिले मे **थोरापल्ली** नामक गांव मे हुआ था।
- **राजाजी** नाम से भी जाने जाते हैं।
- वे वकील, लेखक, राजनीतिज्ञ और दार्शनिक थे।
- वे स्वतन्त्र भारत के **द्वितीय गवर्नर जनरल** और **प्रथम भारतीय गवर्नर जनरल** थे।
- १० अप्रैल १९५२ से १३ अप्रैल १९५४ तक वे **मद्रास प्रांत के मुख्यमंत्री** रहे।
- वे दक्षिण भारत के कांग्रेस के प्रमुख नेता थे, किन्तु बाद में वे कांग्रेस के प्रखर विरोधी बन गए तथा स्वतंत्र पार्टी की स्थापना की।
- उन्होंने दक्षिण भारत में हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए बहुत कार्य किया।

1954

- सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म दक्षिण भारत के **तिरुत्तनि** स्थान में हुआ था जो चेन्नई से 64 किमी उत्तर-पूर्व में है।
- भारत के **प्रथम उप-राष्ट्रपति** (1952 - 1962) और **द्वितीय राष्ट्रपति** रहे।
- वे भारतीय संस्कृति के संवाहक, प्रख्यात शिक्षाविद, महान दार्शनिक और एक आस्थावान हिन्दू विचारक थे।
- उनके इन्हीं गुणों के कारण सन् **१९५४** में भारत सरकार ने उन्हें सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से अलंकृत किया था।
- उनका जन्मदिन (५ सितम्बर) भारत में **शिक्षक दिवस** के रूप में मनाया जाता है।



Sarvepalli Radhakrishnan
(5 September 1888 – 17 April 1975)

1954



Sir Chandrasekhara Venkata Raman
(7 November 1888 – 21 November 1970)

- चन्द्रशेखर वेंकटरमन का जन्म तमिलनाडु के **तिरुचिरापल्ली** नामक स्थान में हुआ था।
- भारतीय भौतिक-शास्त्री थे।
- **प्रकाश के प्रकीर्णन** पर उत्कृष्ट कार्य के लिये वर्ष **१९३०** में उन्हें भौतिकी का प्रतिष्ठित **नोबेल पुरस्कार** दिया गया।
- उनका आविष्कार उनके ही नाम पर **रामन प्रभाव** के नाम से जाना जाता है।
- **१९५४** ई. में उन्हें भारत सरकार द्वारा **भारत रत्न** की उपाधि से विभूषित किया गया तथा **१९५७** में **लेनिन शान्ति पुरस्कार** प्रदान किया था।

1955

- डॉक्टर भगवानदास का जन्म उत्तर प्रदेश के **वाराणसी** में हुआ था।
- भारत के प्रमुख शिक्षाशास्त्री, स्वतंत्रतासंग्रामसेनानी, दार्शनिक एवं कई संस्थाओं के संस्थापक थे।
- उन्होने डॉक्टर एनी बेसेन्ट के साथ व्यवसायी सहयोग किया, जो बाद मे **सेन्ट्रल हिन्दू कालेज** की स्थापना का प्रमुख कारण बना।
- सेन्ट्रल हिन्दू कालेज, **काशी हिन्दू विश्वविद्यालय** की स्थापना का मूल है। बाद मे उन्होने काशी विद्यापीठ की स्थापना की और वहा वे प्रमुख अध्यापक भी थे।
- डॉक्टर भगवान दास ने हिन्दी और संस्कृत मे ३० से भी अधिक पुस्तकों का लेखन किया है।



Bhagwan Das
(12 January 1869 – 18 September 1958)

1955




Mokshagundam Visvesvaraya
(15 September 1861 – 12 April 1962)

- विश्वेश्वरैया का जन्म मैसूर (कर्नाटक) के कोलार जिले के **चिक्काबल्लापुर** तालुका में एक तेलुगु परिवार में हुआ था।
- भारत के महान अभियन्ता एवं राजनयिक थे।
- उन्हें सन **१९५५** में भारत के सर्वोच्च सम्मान **भारत रत्न** से विभूषित किया गया था।
- भारत में उनका जन्मदिन **अभियन्ता दिवस** के रूप में मनाया जाता है।
- डॉ॰ एम.विश्वेश्वरैया **सर एमवी** के नाम से भी विख्यात थे।

1955

- जवाहरलाल नेहरु का जन्म उत्तर प्रदेश के **इलाहाबाद** में हुआ था।
- वे स्वतंत्र भारत के **प्रथम प्रधानमन्त्री** थे।
- जवाहर लाल नेहरू ने जोसिप बरोज़ टिटो और अब्दुल गमाल नासिर के साथ मिलकर एशिया और अफ्रीका में उपनिवेशवाद के खात्मे के लिए एक **गुट निरपेक्ष आंदोलन** की रचना की।
- उन्हें वर्ष **1955** में भारत रत्न से सम्मनित किया गया।
- 27 मई 1964 को जवाहरलाल नेहरू को दिल का दौरा पडा जिसमें उनकी मृत्यु हो गई।



Jawaharlal Nehru

(14 November 1889 – 27 May 1964)

1957



Pandit Govind Ballabh Pant
(10 September 1887 – 7 March 1961)

- इनका जन्म १० सितम्बर १८८७ को अल्मोड़ा जिले के श्यामली पर्वतीय क्षेत्र स्थित गाँव **खूंट** में (महाराष्ट्र) हुआ।
- प्रसिद्ध स्वतन्त्रता सेनानी और वरिष्ठ भारतीय राजनेता थे।
- वे **उत्तर प्रदेश** राज्य के **प्रथम मुख्य मन्त्री** और भारत के **चौथे गृहमंत्री** थे।
- सन **1957** में उन्हें भारतरत्न से सम्मानित किया गया।
- गृहमंत्री के रूप में उनका मुख्य योगदान भारत को भाषा के अनुसार राज्यों में विभक्त करना तथा हिन्दी को भारत की राजभाषा के रूप में प्रतिष्ठित करना था।

1958

- उनका जन्म महाराष्ट्र के **मुरुड** नामक कस्बे (शेरावाली, जिला रत्नागिरी), मे हुआ था।
- प्रसिद्ध समाज सुधारक थे।
- उन्होने महिला शिक्षा और विधवा विवाह मे महत्त्वपूर्ण योगदान किया।
- उन्होने अपना जीवन महिला उत्थान को समर्पित कर दिया। उनके द्वारा मुम्बई में स्थापित **एस.एन.डी.टी. महिला विश्वविघालय** भारत का प्रथम महिला विश्वविघालय है।
- वे वर्ष १८९१ से वर्ष १९१४ तक पुणे के फरगुस्सन कालेज में गणित के अध्यापक थे।
- उन्हे वर्ष १९५८ में भारत रत्न से सम्मनित किया गया।



Dr. Dhondo Keshav Karve
(18 April 1858 – 9 November 1962)

1961




Bidhan Chandra Roy
(1 July 1882 – 1 July 1962)

- उनका जन्म खजान्ची रोड बन्कीपुर, पटना, बिहार मे एक प्रवासी बंगाली परिवार में हुआ था।
- उनके जन्म स्थान को वर्तमान मे अघोर प्रकाश शिशु सदन नामक विद्यालय मे परिवर्तित कर दिया गया है।
- चिकित्सक तथा स्वतंत्रता सेनानी थे।
- वे पश्चिम बंगाल के द्वितीय मुख्यमंत्री थे, १४ जनवरी १९४८ से उनकी म्रत्यु तक १४ वर्ष तक वे इस पद पर थे।
- उनके जन्मदिन १ जुलाई को भारत मे 'चिकित्सक दिवस' के रुप मे मनाया जाता है।
- उन्हे वर्ष १९६१ में भारत रत्न से सम्मनित किया गया।


1961

- उनका जन्म उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद में हुआ था।
- भारत के स्वतन्त्रता सेनानी थे।
- हिंदी को भारत की राष्ट्रभाषा के पद पर प्रतिष्ठित करवाने में उनका महत्त्वपूर्ण योगदान था।
- भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन के अग्रणी पंक्ति के नेता तो थे ही, समर्पित राजनयिक, हिन्दी के अनन्य सेवक, कर्मठ पत्रकार, तेजस्वी वक्ता और समाज सुधारक भी थे।
- १९५० में वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष बने।
- उन्हें भारत के राजनैतिक और सामाजिक जीवन में नयी चेतना, नयी लहर, नयी क्रान्ति पैदा करने वाला कर्मयोगी कहा गया।
- वे जन सामान्य में राजर्षि के नाम से प्रसिद्ध हुए।



Purushottam Das Tandon
(1 August 1882 – 1 July 1962)

1962



Rajendra Prasad
(3 December 1884 – 28 February 1963)

- डॉ॰ राजेन्द्र प्रसाद भारत के प्रथम राष्ट्रपति थे।
- वे भारतीय स्वाधीनता आंदोलन के प्रमुख नेताओं में से थे जिन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में प्रमुख भूमिका निभाई।
- उन्होंने भारतीय संविधान के निर्माण में भी अपना योगदान दिया था जिसकी परिणति २६ जनवरी १९५० को भारत के एक गणतंत्र के रूप में हुई थी।
- राष्ट्रपति होने के अतिरिक्त उन्होंने स्वाधीन भारत में केन्द्रीय मन्त्री के रूप में भी कुछ समय के लिए काम किया था।
- पूरे देश में अत्यन्त लोकप्रिय होने के कारण उन्हें राजेन्द्र बाबू या देशरत्न कहकर पुकारा जाता था।

1963

- डा. ज़ाकिर हुसैन का जन्म 8 फ़रवरी, 1848 ई. में हैदराबाद, आंध्र प्रदेश के धनाढ्य पठान परिवार में हुआ था |
- भारत के तीसरे राष्ट्रपति थे जिनका कार्यकाल 13 मई 1967 से 3 मई 1968 तक था।
- 1920 में उन्होंने जामिया मिलिया इस्लामिया की स्थापना में योग दिया तथा इसके उपकुलपति बने।
- उनकी अध्यक्षता में 'विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग' भी गठित किया गया।
- इसके अलावा वे भारतीय प्रेस आयोग, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, यूनेस्को, अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षा सेवा तथा केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से भी जुड़े रहे।
- 1962 ई. में वे भारत के उपराष्ट्रपति बने।



Zakir Husain
(8 February 1897 – 3 May 1969)

1963




Dr. Pandurang Vaman Kane
(7 May 1880– 8 May 1972)

- संस्कृत के एक विद्वान् एवं प्राच्यविद्याविशारद थे।
- साहित्य अकादमी ने सन् 1956 ई. में 'धर्मशास्त्र का इतिहास' पर पाँच हजार रुपए का पुरस्कार प्रदान कर आपके सम्मानित किया और 1963 ई. में भारत सरकार ने आपको 'भारतरत्न' उपाधि से अलंकृत किया।
- डॉ॰ काणे अपने लंबे जीवनकाल में समय-समय पर उच्च न्यायालय, बंबई में अभिवक्ता, सर्वोच्च न्यायालय, दिल्ली में वरिष्ठ अधिवक्ता, एलफ़िंस्टन कालेज, बंबई में संस्कृत विभाग के प्राचार्य, बंबई विश्वविद्यालय के उपकुलपति, रायल एशियाटिक सोसाइटी (बंबई शाखा) के फ़ेलो तथा उपाध्यक्ष, लंदन स्कूल ऑव ओरयिंटल ऐंड अफ्रीकन स्टडीज़ के फ़ेलो, राष्ट्रीय शोध प्राध्यापक तथा सन् 1953 से 1949 तक राज्यसभा के मनोनीत सदस्य रहे।

1966

- लालबहादुर शास्त्री का जन्म 1904 में मुगलसराय (उत्तर प्रदेश) में मुंशी शारदा प्रसाद श्रीवास्तव के यहाँ हुआ था।
- भारत के दूसरे प्रधानमन्त्री थे। वह 9 जून 1964 से 11 जनवरी 1966 को अपनी मृत्यु तक लगभग अठारह महीने भारत के प्रधानमन्त्री रहे।
- उनकी सादगी, देशभक्ति और ईमानदारी के लिये मरणोपरान्त भारत रत्न से सम्मानित किया गया।
- भारत की स्वतन्त्रता के पश्चात शास्त्रीजी को उत्तर प्रदेश के संसदीय सचिव के रूप में नियुक्त किया गया था। गोविंद बल्लभ पंत के मन्त्रिमण्डल में उन्हें पुलिस एवं परिवहन मन्त्रालय सौंपा गया। परिवहन मन्त्री के कार्यकाल में उन्होंने प्रथम बार महिला संवाहकों (कण्डक्टर्स) की नियुक्ति की थी।



Lal Bahadur Shastri
(2 October 1904 – 11 January 1966)

1971




Indira Priyadarshini Gandhi
(19 November 1917 – 31 October 1984)

- इन्दिरा का जन्म 19 नवम्बर 1917 को राजनीतिक रूप से प्रभावशाली नेहरू परिवार में हुआ था।
- वर्ष 1966 से 1977 तक लगातार 3 पारी के लिए भारत गणराज्य की प्रधानमन्त्री रहीं और उसके बाद चौथी पारी में 1980 से लेकर 1984 में उनकी राजनैतिक हत्या तक भारत की प्रधानमंत्री रहीं।
- वे भारत की प्रथम और अब तक एकमात्र महिला प्रधानमंत्री रहीं।
- रवीन्द्रनाथ टैगोर ने ही इन्हे "प्रियदर्शिनी" नाम दिया था।
- इंदिरा गाँधी को (1983 - 1984)लेनिन शान्ति पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया था।


1975

- उनका जन्म ब्रह्मपुर, ओड़िशा में हुआ था।
- भारत के चौथे राष्ट्रपति थे।
- वह एक विपुल लेखक और एक अच्छे वक्ता थे। वह 'पर भारतीय उद्योग' में औद्योगिक संबंध 'और' श्रम समस्याओं किताबें लिखी है।
- वह सफलतापूर्वक उत्तर प्रदेश (1957-1960), केरल (1960-1965) और मैसूर (1965-1967) के राज्यपाल के रूप में सेवा की|



Varahagiri Venkata Giri
(10 August 1894 – 23 June 1980)

1976



Kumarasami Kamaraj
(15 July 1903 – 2 October 1975)

- कामराज का जन्म 15 जुलाई 1903 को तमिलनाडु के विरूधुनगर में हुआ था।
- भारत के राज्य तमिलनाडु के प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ थे।
- भारत के 2 प्रधानमंत्री, लालबहादुर शास्त्री और इंदिरा गांधी के चुनावों मे उनका महत्वपूर्ण योगदान था।
- के कामराज 'नाडर जाति' से उठकर मद्रास, बाद में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और 'कांग्रेस पार्टी' के अध्यक्ष बने।
- तमिलनाडु की राजनीति में बिल्कुल निचले स्तर से अपना राजनीतिक जीवन शुरू कर देश के दो प्रधानमंत्री चुनने में महत्वूपर्ण भूमिका निभाने के कारण 'किंगमेकर' कहे जाने वाले के कामराज साठ के दशक में 'कांग्रेस संगठन' में सुधार के लिए कामराज योजना प्रस्तुत करने के कारण विख्यात हुए।


1980

- मदर टेरेसा जिन्हें रोमन कैथोलिक चर्च द्वारा कलकत्ता की संत टेरेसा के नाम से नवाज़ा गया है, का जन्म अग्नेसे गोंकशे बोजशियु के नाम से एक अल्बेनीयाई परिवार में उस्कुब, उस्मान साम्राज्य में हुआ था।
- मदर टेरसा रोमन कैथोलिक नन थीं, जिन्होंने १९४८ में स्वेच्छा से भारतीय नागरिकता ले ली थी।
- इन्होंने १९५० में कोलकाता में मिशनरीज़ ऑफ चैरिटी की स्थापना की।
- ४५ सालों तक गरीब, बीमार, अनाथ और मरते हुए लोगों की इन्होंने मदद की और साथ ही मिशनरीज ऑफ़ चैरिटी के प्रसार का भी मार्ग प्रशस्त किया।
- इन्हें १९७९ में नोबेल शांति पुरस्कार प्रदान किया गया।
- मदर टेरसा की मृत्यु के बाद इन्हें पोप जॉन पॉल द्वितीय ने धन्य घोषित किया और इन्हें कोलकाता की धन्य की उपाधि प्रदान की।



Mother Teresa Saint Teresa of Calcutta (26 August 1910 – 5 September 1997)

1983




Vinayak Narahari "Vinoba" Bhave
(11 September 1895 – 15 November 1982)

- महाराष्ट्र के कोंकण क्षेत्र में एक गांव है, गागोदा में विनोबा का जन्म हुआ।
- भारत के स्वतंत्रता संग्रामे सेनानी, सामाजिक कार्यकर्ता तथा प्रसिद्ध गांधीवादी नेता थे।
- उनका मूल नाम विनायक नरहरी भावे था।
- उन्हे भारत का राष्ट्रीय आध्यापक और महात्मा गांधी का आध्यातमिक उत्तराधीकारी समझा जाता है।
- उन्होने अपने जीवन के आखरी वर्ष पुनार, महाराष्ट्र के आश्रम मे गुजारे।
- उन्होंने भूदान आन्दोलन चलाया।
- इंदिरा गांधी द्वारा घोषित आपातकाल को 'अनुशासन पर्व' कहने के कारण वे विवाद मे भी थे।

1987

- खान अब्दुल गफ्फार खान का जन्म पेशावर, पाकिस्तान मे हुआ था।
- ख़ान अब्दुल ग़फ़्फ़ार ख़ान सीमाप्रांत और बलूचिस्तान के एक महान राजनेता थे जिन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया और अपने कार्य और निष्ठा के कारण "सरहदी गांधी" (सीमान्त गांधी), "बच्चा खाँ" तथा "बादशाह खान" के नाम से पुकारे जाने लगे।
- वे भारतीय उपमहाद्वीप मे अंग्रेज शासन के विरुद्ध अहिंसा के प्रयोग के लिए जाने जाते है। एक समय उनका लक्ष्य संयुक्त, स्वतन्त्र और धर्मनिरपेक्ष भारत था।
- इसके लिये उन्होने 1920 मे खुदाई खिदमतगार नाम के संगठन की स्थापना की। यह संगठन "सुर्ख पोश" के नाम से भी जाने जाता है।



Khān Abdul Ghaffār Khān
(6 February 1890 – 20 January 1988)

1988



Marudur Gopalan Ramachandran
(17 January 1917 – 24 December 1987)

- उनका जन्म कैन्डी,श्रीलंका मे हुआ था।
- मारुदुर गोपालन रामचन्द्रन ,जो एम जी आर के नाम से भी लोकप्रिय थे।
- वे तमिल फिल्मों के अभिनेता और राजनीतिज्ञ थे और वर्ष 1977 से लेकर 1987 में उनके निधन तक वे भारत के तमिलनाडु राज्य के मुख्यमंत्री थे।
- उन्हे वर्ष 1988 मे भारत रत्न से सम्मनित किया गया।

1990

- विश्व स्तर के भारतीय विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, समाज शास्त्री, मानवविज्ञानी, संविधानविद्, लेखक, दार्शनिक, इतिहासकार, धर्मशास्त्री, वकील, विचारक, शिक्षाविद, प्रोफ़ेसर, पत्रकार, बोधिसत्व, संपादक, क्रांतिकारी, समाज सुधारक, भाषाविद, जलशास्त्री, स्वतंत्रता सेनानी, बौद्ध धर्म के पुनरुत्थानवादी, आनंदोलनकारी एवं दलित-शोषित नागरिक अधिकारों के संघर्ष के प्रमुख नेता थे और भारतीय संविधान के शिल्पकार भी है।
- प्रकांड विद्वान एवं बहुश्रुत डॉ. अंबेडकर की 64 विषयों पर मास्टरी थी, जो कि केंब्रिज विश्वविद्यालय, इंग्लैंड के 2011 के आंकड़ों के मुताबिक दुनिया के इतिहास में सबसे ज्यादा है। इस विश्वविद्यालय ने उन्हें विश्व इतिहास के प्रथम सबसे प्रतिभाशाली इंसान घोषित करके उनका गौरव किया है।
- अमेरिका के विश्वप्रसिद्ध कोलंबिया विश्वविद्यालय ने बाबासाहेब को विश्व के टॉप 100 विद्वानों में शीर्ष पर स्थान दिया।



Bhimrao Ramji Ambedkar
(14 April 1891 – 6 December 1956)

1990




Nelson Rolihlahla Mandela
(18 July 1918 – 5 December 2013)

- मंडेला का जन्म 18 जुलाई 1918 को म्वेज़ो, ईस्टर्न केप, दक्षिण अफ़्रीका संघ में गेडला हेनरी म्फ़ाकेनिस्वा और उनकी तीसरी पत्नी नेक्यूफी नोसकेनी के यहाँ हुआ था।
- दक्षिण अफ्रीका के प्रथम अश्वेत भूतपूर्व राष्ट्रपति थे।
- राष्ट्रपति बनने से पूर्व वे दक्षिण अफ्रीका में सदियों से चल रहे रंगभेद का विरोध करने वाले अफ्रीकी नेशनल कांग्रेस और इसके सशस्त्र गुट उमखोंतो वे सिजवे के अध्यक्ष रहे।
- रंगभेद विरोधी संघर्ष के कारण उन्होंने 27 वर्ष रॉबेन द्वीप के कारागार में बिताये जहाँ उन्हें कोयला खनिक का काम करना पड़ा था। 1990 में श्वेत सरकार से हुए एक समझौते के बाद उन्होंने नये दक्षिण अफ्रीका का निर्माण किया।
- वे दक्षिण अफ्रीका एवं समूचे विश्व में रंगभेद का विरोध करने के प्रतीक बन गये।
- संयुक्त राष्ट्रसंघ ने उनके जन्म दिन को नेल्सन मंडेला अन्तर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया।


1991

- भारत के सातवें प्रधान मंत्री थे।
- उनके प्रधानमंत्रित्व काल में भारतीय सेना द्वारा बोफ़ोर्स तोप की खरीदारी में लिए गये किकबैक (कमीशन - घूस) का मुद्दा उछला, जिसका मुख्य पात्र इटली का एक नागरिक ओटावियो क्वाटोराची था, जो कि सोनिया गांधी का मित्र था।
- वो अमेठी से लोकसभा का चुनाव जीत कर सांसद बने और ३१ अक्टूबर १९८४ को सिख आतंकवादियों द्वारा प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी की हत्या किए जाने के बाद भारत के प्रधानमंत्री बने और अगले आम चुनावों में सबसे अधिक बहुमत पाकर प्रधानमंत्री बने रहे।



Rajiv Ratna Gandhi
(20 August 1944 – 21 May 1991)

1991



Vallabhbhai Jhaverbhai Patel

(31 October 1875 – 15 December 1950)

- पटेल का जन्म नडियाद, गुजरात में एक लेवा पाटीदार कृषक परिवार में हुआ था।
- भारत के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। भारत की आजादी के बाद वे प्रथम गृह मंत्री और उप-प्रधानमंत्री बने।
- बारदोली सत्याग्रह का नेतृत्व कर रहे पटेल को सत्याग्रह की सफलता पर वहाँ की महिलाओं ने सरदार की उपाधि प्रदान की।
- आजादी के बाद विभिन्न रियासतों में बिखरे भारत के भू-राजनीतिक एकीकरण में केंद्रीय भूमिका निभाने के लिए पटेल को भारत का बिस्मार्क और लौह पुरूष भी कहा जाता है।
- 31 अक्टूबर 2013 को सरदार वल्लभ भाई पटेल की 137वीं जयंती के मौके पर गुजरात के मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के नर्मदा जिले में सरदार वल्लभ भाई पटेल के स्मारक का शिलान्यास किया। इसका नाम 'एकता की मूर्ति' (स्टैच्यू ऑफ यूनिटी) रखा गया है।


1991

- मोरारजी देसाई का जन्म 29 फ़रवरी 1896 को गुजरात के भदेली नामक स्थान पर हुआ था।
- भारत के स्वाधीनता सेनानी और के छठे प्रधानमंत्री (सन् 1977 से 79) थे। वह प्रथम प्रधानमंत्री थे जो भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के बजाय अन्य दल से थे।
- वही एकमात्र व्यक्ति हैं जिन्हें भारत के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न एवं पाकिस्तान के सर्वोच्च सम्मान निशान-ए-पाकिस्तान से सम्मानित किया गया है।
- वह 81 वर्ष की आयु में प्रधानमंत्री बने थे।



Morarji Desai
(29 February 1896 – 10 April 1995)

1992



Abul Kalam Muhiyuddin Ahmed Azad
(11 November 1888 – 22 February 1958)

- प्रसिद्ध भारतीय मुस्लिम विद्वान थे।
- वे कवि, लेखक, पत्रकार और भारतीय स्वतंत्रता सेनानी थे।
- भारत की आजादी के वाद वे एक महत्त्वपूर्ण राजनीतिक रहे।
- वे महात्मा गांधी के सिद्धांतो का समर्थन करते थे।
- उन्होंने हिंदू-मुस्लिम एकता के लिए कार्य किया, तथा वे अलग मुस्लिम राष्ट्र (पाकिस्तान) के सिद्धांत का विरोध करने वाले मुस्लिम नेताओ में से थे।
- खिलाफत आंदोलन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। 1923 में वे भारतीय नेशनल कांग्रेस के सबसे कम उम्र के प्रेसीडेंट बने।
- वे 1940 और 1945 के बीच कांग्रेस के प्रेसीडेंट रहे।
- आजादी के वाद वे भारत के सांसद चुने गए और वे भारत के पहले शिक्षा मंत्री बने।


1992

- भारत के वायुयान उद्योग और अन्य उद्योगो के अग्रणी थे।
- वे दशको तक टाटा ग्रुप के निर्देशक रहे और इस्पात, इंजीनीयरींग, होट्ल, वायुयान और अन्य उद्योगो का भारत मे विकास किया।
- १९३२ में उन्होंने टाटा एयरलाइंस शुरू की।
- भारत के लिए महान इंजीनियरिंग कंपनी खोलने के सपने के साथ उन्होंने १९४५ में टेल्को की शूरूवात की जो मूलतः इंजीनियरिंग और लोकोमोटिव के लिए थी।
- विमानन के लिए उनको कई अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार दिया गया -मार्च १९७९ में टोनी जेनस पुरस्कार ,सन् १९९५ में फेडरेशन ऐरोनॉटिक इंटरनेशनेल द्वारा गोल्ड एयर पदक,सन् १९८६ में कनाडा स्थित अंतर्राष्ट्रीय नागर विमानन संगठन द्वारा एडवर्ड वार्नर पुरस्कार और सन् १९८८ में डैनियल गुग्नेइनिम अवार्ड।



Jehangir Ratanji Dadabhoy "J. R. D." Tata
(29 July 1904 – 29 November 1993)

1992




Satyajit Ray
(2 May 1921 – 23 April 1992)

- एक भारतीय फ़िल्म निर्देशक थे, जिन्हें २०वीं शताब्दी के सर्वोत्तम फ़िल्म निर्देशकों में गिना जाता है।
- इनका जन्म कला और साहित्य के जगत में जाने-माने कोलकाता (तब कलकत्ता) के एक बंगाली परिवार में हुआ था।
- इन्होने अपने कैरियर की शुरुआत पेशेवर चित्रकार की तरह की।
- फ्रांसिसी फ़िल्म निर्देशक ज़ाँ रन्वार से मिलने पर और लंदन में इतालवी फ़िल्म लाद्री दी बिसिक्लेत (Ladri di biciclette, बाइसिकल चोर) देखने के बाद फ़िल्म निर्देशन की ओर इनका रुझान हुआ।
- राय ने अपने जीवन में ३७ फ़िल्मों का निर्देशन किया, जिनमें फ़ीचर फ़िल्में, वृत्त चित्र और लघु फ़िल्में शामिल हैं।
- सत्यजित राय को कला के क्षेत्र में भारत सरकार द्वारा सन १९६५ में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था।

1997

- उनका जन्म सियालकोट, पंजाब, पाकिस्तान में हुआ था।
- वे १९६४ में प्रथम भारतीय प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की मृत्युपश्चात् भारत के प्रधानमंत्री बने।
- कांग्रेस पार्टी के प्रति समर्पित गुलज़ारी लाल नंदा प्रथम बार पंडित जवाहरलाल नेहरू की मृत्यु के बाद 1964 में कार्यवाहक प्रधानमंत्री बनाए गए।
- दूसरी बार लाल बहादुर शास्त्री की मृत्यु के बाद 1966 में यह कार्यवाहक प्रधानमंत्री बने।
- नंदाजी ने एक लेखक की भूमिका अदा करते हुए कई पुस्तकों की रचना की। जिनके नाम इस प्रकार हैं- सम आस्पेक्ट्स ऑफ़ खादी, अप्रोच टू द सेकंड फ़ाइव इयर प्लान, गुरु तेगबहादुर, संत एंड सेवियर, हिस्ट्री ऑफ़ एडजस्टमेंट इन द अहमदाबाद टेक्सटाल्स, फॉर ए मौरल रिवोल्युशन तथा सम बेसिक कंसीड्रेशन।



Gulzarilal Nanda
(4 July 1898 – 15 January 1998)

1997




Aruna Asaf Ali
(16 July 1909 – 29 July 1996)

- अरुणा जी का जन्म बंगाली परिवार में 16 जुलाई सन 1909 ई. को हरियाणा, तत्कालीन पंजाब के 'कालका' नामक स्थान में हुआ था।
- भारतीय स्वतंत्रता सेनानी थीं।
- उनका जन्म का नाम अरुणा गांगुली था।
- उन्हे 1942 मे भारत छोडो आंदोलन के दौरान, मुंबई के गोवालीया मैदान मे कांग्रेस का झंडा फ्हराने के लिये हमेशा याद किया जाता है।

1997

- 15 अक्टूबर 1931 को धनुषकोडी गाँव (रामेश्वरम, तमिलनाडु) में एक मध्यमवर्ग मुस्लिम परिवार में इनका जन्म हुआ।
- मिसाइल मैन और जनता के राष्ट्रपति के नाम से जाना जाता है, भारतीय गणतंत्र के ग्यारहवें निर्वाचित राष्ट्रपति थे।
- वे भारत के पूर्व राष्ट्रपति, जानेमाने वैज्ञानिक और अभियंता (इंजीनियर) के रूप में विख्यात थे।
- इन्होंने मुख्य रूप से एक वैज्ञानिक और विज्ञान के व्यवस्थापक के रूप में चार दशकों तक रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) संभाला व भारत के नागरिक अंतरिक्ष कार्यक्रम और सैन्य मिसाइल के विकास के प्रयासों में भी शामिल रहे।
- इन्हें बैलेस्टिक मिसाइल और प्रक्षेपण यान प्रौद्योगिकी के विकास के कार्यों के लिए भारत में मिसाइल मैन के रूप में जाना जाने लगा।



Avul Pakir Jainulabdeen "A. P. J." Abdul Kalam
(15 October 1931 – 27 July 2015)

1998



Madurai Shanmukhavadivu Subbulakshmi
(16 September 1916 – 11 December 2004)

- श्रीमती सुब्बुलक्ष्मी का जन्म तमिलनाडु के मदुरै शहर में हुआ।
- कर्णाटक संगीत की मशहूर संगीतकार थीं।
- आप शास्तीय संगीत की दुनिया में एम. एस. अक्षरों से जानी जाती थी।
- आप पहली भारतीय हैं जिन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ की सभा में संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत किया, तथा आप पहली स्त्री हैं जिनको कर्णाटक संगीत का सर्वोत्तम पुरस्कार, संगीत कलानिधि प्राप्त हुआ।
- १९९८में आपको भारत का सर्वोत्तम नागरिक पुरस्कार, भारत रत्न प्रदान किया गया।
- संयुक्त राष्ट्र संघ सुब्बुलक्ष्मी की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में, एक डाक टिकट जारी करेगा|


1998

- भारतीय राजनेता थे। वे राज्य और केंद्र स्तर के मंत्री और गवर्नर रहे।
- लोकसभा मे उनका चुनाव पहली बार 1962 मे हुआ।
- उन्हे तब इस्पात और खनन मंत्रालय की बागडोर सौपी गई।
- उसके बाद लाल बहादूर शास्त्री के मंत्रालय मे वे कृषि मंत्री बने, भारत के हरित क्रांति मे उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। बाद मे वे रक्षा और वाणिज्य मंत्री बने।
- पंडित नेहरु, लाल बहादूर शास्त्री और इंदिरा गांधी, तीनों के साथ मंत्री पद मे काम करने वाले एकमात्र व्यक्ति है।
- केंद्रिय मंत्री बनने से पहले उन्होने तमिलनाडु के राज्य मंत्री पद पे भी काम किया।
- वे 1990-1993 के बीच महाराष्ट्र के गवर्नर रहे।



Chidambaram Subramaniam
(30 January 1910 – 7 November 2000)

1998




Jayaprakash Narayan
(11 October 1902 – 8 October 1979)

- भारतीय स्वतंत्रता सेनानी और राजनेता थे।
- उन्हें 1970 में इंदिरा गांधी के विरुद्ध विपक्ष का नेतृत्व करने के लिए जाना जाता है।
- इन्दिरा गांधी को पदच्युत करने के लिये उन्होने 'सम्पूर्ण क्रांति' नामक आन्दोलन चलाया।
- वे समाज-सेवक थे, जिन्हें 'लोकनायक' के नाम से भी जाना जाता है।
- इसके अतिरिक्त उन्हें समाजसेवा के लिये १९६५ में मैगससे पुरस्कार भी प्रदान किया गया था।
- पटना के हवाई अड्डे का नाम उनके नाम पर रखा गया है।

1999

- उनका जन्म कोलकाता में शांति निकेतन में हुआ था।
- अमर्त्य सेन अर्थशास्त्री है, उन्हें १९९८ में अर्थशास्त्र के नोबल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।
- संप्रति वे हार्वड विश्वविद्यालय में प्राध्यापक हैं।
- वे जादवपुर विश्वविद्यालय, दिल्ली स्कूल ऑफ इकानामिक्स और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में भी शिक्षक रहे हैं।
- सेन ने एम.आई.टी, स्टैनफोर्ड, बर्कली और कॉरनेल विश्वविद्यालयों में अतिथि अध्यापक के रूप में भी शिक्षण किया है।



Amartya Kumar Sen
(3 November 1933) -

1999




Gopinath Bordoloi
(6 June 1890 – 5 August 1950)

- गोपीनाथ बोरदोलोई का जन्म ६ जून १८९० को रहा नमक स्थान में हुआ था|
- भारत की स्वतंत्रता के वाद उन्होने सरदार वल्लभ भाई पटेल के साथ नजदीक से कार्य किया।
- उनके योगदानो के कारण असम चीन और पूर्व पाकिस्तान से बच के भारत का हिस्सा बन पाया। वे 19 सितंबर, 1938 से 17 नवंबर, 1939 तक असम के मुख्यमंत्री रहे।
- उन्हें सन् 1999 मे भारत रत्न से सम्मानित किया गया।

1999

- एक सितार वादक और संगीतज्ञ थे।
- उन्होंने विश्व के कई महत्वपूर्ण संगीत उत्सवों में हिस्सा लिया है।
- उनके युवा वर्ष यूरोप और भारत में अपने भाई उदय शंकर के नृत्य समूह के साथ दौरा करते हुए बीते।
- रविशंकर ने भारतीय शास्त्रीय संगीत की शिक्षा उस्ताद अल्लाऊद्दीन खाँ से प्राप्त की।
- पंडित रविशंकर को तीन बार ग्रैमी पुरस्कार से भी नवाजा गया था।
- उन्होंने भारतीय और पाश्चात्य संगीत के संलयन में भी बड़ी भूमिका निभाई।
- 1949 से 1956 तक उन्होंने ऑल इंडिया रेडियो में बतौर संगीत निर्देशक काम किया।
- उनकी बेटी अनुष्का शंकर सितार वादक हैं तो दूसरी बेटी नोराह जोन्स भी शीर्षस्थ गायिकाओं में शुमार की जाती हैं।



Ravi Shankar
(7 April 1920 – 11 December 2012)

2001



Lata Mangeshkar
(28 September 1929) -

- लता का जन्म मराठा परिवार में, मध्य प्रदेश के इंदौर शहर में हुआ।
- भारत की सबसे लोकप्रिय और आदरणीय गायिका हैं जिनका छः दशकों का कार्यकाल उपलब्धियों से भरा पड़ा है।
- लता जी ने लगभग तीस से ज्यादा भाषाओं में फ़िल्मी और गैर-फ़िल्मी गाने गाये हैं लेकिन उनकी पहचान भारतीय सिनेमा में एक पार्श्वगायक के रूप में रही है।
- अपनी बहन आशा भोंसले के साथ लता जी का फ़िल्मी गायन में सबसे बड़ा योगदान रहा है।
- लता की जादुई आवाज़ के भारतीय उपमहाद्वीप के साथ-साथ पूरी दुनिया में दीवाने हैं।
- टाईम पत्रिका ने उन्हें भारतीय पार्श्वगायन की अपरिहार्य और एकछत्र साम्राज्ञी स्वीकार किया है।

2001

- बिस्मिल्ला खाँ का जन्म बिहारी मुस्लिम परिवार में पैगम्बर खाँ और मिट्ठन बाई के यहाँ बिहार के डुमराँव के ठठेरी बाजार में हुआ था।
- उनके बचपन का नाम क़मरुद्दीन था।
- हिन्दुस्तान के प्रख्यात शहनाई वादक थे।
- बिस्मिल्ला खाँ शिया मुसलमान थे फिर भी वे अन्य हिन्दुस्तानी संगीतकारों की भाँति धार्मिक रीति रिवाजों के प्रबल पक्षधर थे और हिन्दू देवी-देवता में कोई फ़र्क नहीं समझते थे।
- वे काशी के बाबा विश्वनाथ मन्दिर में जाकर तो शहनाई बजाते ही थे इसके अलावा वे गंगा किनारे बैठकर घण्टों रियाज भी किया करते थे।



Bismillah Khan
(21 March 1916 – 21 August 2006)

2009



Bhimsen Gururaj Joshi
(4 February 1922 – 24 January 2011)

- शास्त्रीय संगीत के हिन्दुस्तानी संगीत शैली के सबसे प्रमुख गायकों में से एक है।
- उन्होंने ग्वालियर के उस्ताद हाफिज अली खान से भी संगीत की शिक्षा ली।
- लेकिन अब्दुल करीम खान के शिष्य पंडित रामभाऊ कुंडालकर से उन्होने शास्त्रीय संगीत की शुरूआती शिक्षा ली।
- उन्होंने सवाई गंधर्व से कई वर्षों तक खयाल गायकी की बारीकियाँ भी सीखीं।
- उन्हें खयाल गायन के साथ-साथ ठुमरी और भजन में भी महारत हासिल की है।
- इन्हें भारत सरकार द्वारा कला के क्षेत्र में सन 1985 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था।
- कर्नाटक के गडक जिले में 4 फ़रवरी वर्ष 1922 को जन्मे पं॰ भीमसेन जोशी को इससे पहले भी पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री समेत कई अलंकरण और सम्मान दिए जा चुके हैं।

2014

- चिंतामणि नागेश रामचंद्र राव जिन्हें सी॰ एन॰ आर॰ राव के नाम से भी जाना जाता है, एक भारतीय रसायनज्ञ हैं जिन्होंने घन-अवस्था और संरचनात्मक रसायन शास्त्र के क्षेत्र में मुख्य रूप से काम किया है।
- वर्तमान में वह भारत के प्रधानमंत्री के वैज्ञानिक सलाहकार परिषद के प्रमुख के रूप में सेवा कर रहे हैं। डॉ॰ राव को दुनिया भर के 60 विश्वविद्यालयों से मानद डॉक्टरेट प्राप्त है। उन्होंने लगभग 1500 शोध पत्र और 45 वैज्ञानिक पुस्तकें लिखी हैं।
- राव वर्तमान में जवाहरलाल नेहरू उन्नत वैज्ञानिक अनुसंधान केन्द्र, बेंगलुरू के मानद अध्यक्ष हैं, जिसकी स्थापना उन्होंने स्वयं १९८९ में की थी।
- उन्हें जनवरी २००५ के दौरान भारत के प्रधानमंत्री के वैज्ञानिक सलाहकार परिषद के प्रमुख के रूप में नियुक्त किया गया, जहाँ वे १९८५-८९ के दौरान कार्य कर चुके हैं।



Chintamani Nagesa Ramachandra Rao
(30 June 1934) -

2014



Sachin Ramesh Tendulkar
(24 April 1973) -

- क्रिकेट के इतिहास में विश्व के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज़ौं में गिने जाते हैं।
- भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित होने वाले वह सर्वप्रथम खिलाड़ी और सबसे कम उम्र के व्यक्ति हैं।
- राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित एकमात्र क्रिकेट खिलाड़ी हैं।
- सन् २००८ में वे पद्म विभूषण से भी पुरस्कृत किये जा चुके है।
- एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास में दोहरा शतक जड़ने वाले पहले खिलाड़ी।
- एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय मुक़ाबले में सबसे ज्यादा (१८००० से अधिक) रन।
- एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय मुक़ाबले में सबसे ज्यादा ४९ शतक।
- एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय विश्व कप मुक़ाबलों में सबसे ज्यादा रन।
- टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा (51) शतक|
- अन्तर्राष्ट्रीय मुक़ाबलो में सबसे ज्यादा ३०००० रन बनाने का कीर्तिमान।


2015

- काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रणेता तो थे ही इस युग के आदर्श पुरुष भी थे।
- वे भारत के पहले और अन्तिम व्यक्ति थे जिन्हें महामना की सम्मानजनक उपाधि से विभूषित किया गया।
- पत्रकारिता, वकालत, समाज सुधार, मातृ भाषा तथा भारतमाता की सेवा में अपना जीवन अर्पण करने वाले इस महामानव ने जिस विश्वविद्यालय की स्थापना की उसमें उनकी परिकल्पना ऐसे विद्यार्थियों को शिक्षित करके देश सेवा के लिये तैयार करने की थी जो देश का मस्तक गौरव से ऊँचा कर सकें।
- मालवीयजी सत्य, ब्रह्मचर्य, व्यायाम, देशभक्ति तथा आत्मत्याग में अद्वितीय थे।
- इन समस्त आचरणों पर वे केवल उपदेश ही नहीं दिया करते थे अपितु स्वयं उनका पालन भी किया करते थे।
- वे अपने व्यवहार में सदैव मृदुभाषी रहे।



Madan Mohan Malaviya
(25 December 1861–12 November 1946)

2015



Atal Bihari Vajpayee
(25 December 1924) -

- भारत के पूर्व प्रधानमंत्री हैं।
- वे पहले १६ मई से १ जून १९९६ तथा फिर १९ मार्च १९९८ से २२ मई २००४ तक भारत के प्रधानमंत्री रहे।
- वे हिन्दी कवि, पत्रकार व प्रखर वक्ता भी हैं।
- वे भारतीय जनसंघ की स्थापना करने वाले महापुरुषों में से एक हैं और १९६८ से १९७३ तक उसके अध्यक्ष भी रहे।
- वे जीवन भर भारतीय राजनीति में सक्रिय रहे।
- उन्होंने लम्बे समय तक राष्ट्रधर्म, पांचजन्य और वीर अर्जुन आदि राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत अनेक पत्र-पत्रिकाओं का सम्पादन भी किया।
- उन्होंने अपना जीवन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक के रूप में आजीवन अविवाहित रहने का संकल्प लेकर प्रारम्भ किया था और देश के सर्वोच्च पद पर पहुँचने तक उस संकल्प को पूरी निष्ठा से निभाया।

कुछ बाते:-

- १९९२ में नेताजी सुभाषचन्द्र बोस को भारत रत्न से मरणोपरान्त सम्मानित किया गया था। लेकिन उनकी मृत्यु विवादित होने के कारण पुरस्कार के मरणोपरान्त स्वरूप को लेकर प्रश्न उठाया गया था। इसीलिए भारत सरकार ने यह सम्मान वापस ले लिया। उक्त सम्मान वापस लिये जाने का यह एकमेव उदाहरण है।
- भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री श्री मौलाना अबुल कलाम आज़ाद को जब भारत रत्न देने की बात आयी तो उन्होंने जोर देकर मना कर दिया, कारण कि जो लोग इसकी चयन समिति में रहे हों, उनको यह सम्मान नहीं दिया जाना चाहिये। बाद में १९९२ में उन्हें मरणोपरांत दिया गया।

CREATED BY :-

एस.पी.धोपेकर (विषय शिक्षक)

जि.प.व.प्राथमिक शाला नवाटोला